अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# शहर में पहली बार ओजस्वित ने पाए 100 फीसदी नंबर

## सीआईएससीई परीक्षा परिणाम में आईएससी (12 वीं) में हासिल किए सबसे अधिक अंक, बने नेशनल टॉपर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीआईएससीई ने गुरुवार को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा परिणाम में शहर में एक नया रिकॉर्ड बना। इस बार दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर शीलिंग हाउस स्कूल के आईएससी (बारहवीं) के छात्र ओजस्वित पसरीचा ने पूरे सौ फीसदी अंक हासिल किए। ओजस्वित ने सौ फीसदी अंक हासिल कर नेशनल टॉपर का भी खिताब अपने नाम किया है। आईएससी की ही छात्रा कृष्टी गुप्ता ने 99.7 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

शीलिंग हाउस स्कूल में ओजस्वित पसरीचा का बैंड की धुन पर स्वागत किया गया। स्कूल की ओर से बताया गया कि छात्र को हासिल हुए अंक शहर में एक रिकॉर्ड है। इससे पहले सीआईएससीई की परीक्षा में इतने अंक शहर में किसी भी परीक्षार्थी के नहीं आए हैं। स्कूल की ओर से छात्र व उनके अभिभावक को स्कूल परिसर में बुलाया गया और मुंह मीठा कराया गया।



ओजस्वित का मुंह मीठा कराया गया। अमृत विचार

### गणित में शोध करना चाहते हैं ओजस्वित

- ओजस्वित को इंग्लिश, कंप्यूटर, मैथ और केमेस्ट्री में सौ फीसदी अंक हासिल हुए हैं। आजाद नगर निवासी मेधावी छात्र के पिता रजरीश पसरीचा व्यापारी व मां स्मिता शीलिंग हाउस स्कूल में ही शिक्षिका हैं। छात्र अब जेईई एडवांस की तैयारी कर रहा है। छात्र का सपना मैथ में रसर्च करना है। उसने बताया कि उन्होंने सामान्य तैयारी की थी। कोई कोचिंग नहीं पढ़ी। बताया कि परीक्षा हल करते समय प्रश्न के आधार पर उत्तर लिखना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्रश्न पूछ क्या रहा है इसे समझना होगा। उत्तर लिखते समय यह भी ख्याल रखना चाहिए कि उत्तर सिर्फ लिखा न जाए वह उत्तर पुस्तिका में दिखना भी चाहिए। इससे अंक अधिक मिलने में आसानी होती है।



पिता के साथ नित्या।

### नित्या ने 99.5 फीसदी अंक पाए

शीलिंग हाउस स्कूल की आईएससी (बारहवीं) की छात्रा नित्या कुम्पावत ने 99 .5 फीसदी अंक हासिल किए हैं। जनरलगंज निवासी छात्रा ने बताया कि उनके पिता पंकज कुम्पावत सीए व मां कृति कुम्पावत भी सीए हैं। नित्या ने बताया कि दो सब्जेक्ट इंग्लिश व मैथ में सौ फीसदी अंक मिले हैं। वे भविष्य में खुद को एक अर्थशास्त्री के रूप में देखना चाहती हैं। उन्होंने कोचिंग का सहारा नहीं लिया। जो भी स्कूल में पढ़ाया जाता है उसे ही घर जाकर पढ़ती थी। इसके अलावा यूट्यूब से भी उन्होंने कुछ विषयों के लेक्चर से भी पढ़ाई की थी। उनके पास फोन जरूर है लेकिन वह सीमित ही उपयोग करती हैं।



पिता के साथ मोहम्मद अशनफ।

### मेरिट के लिए फोकस रखना जरूरी

- शीलिंग हाउस स्कूल के मोहम्मद अशनफ खान ने आईएससी (बारहवीं) 99 .5 फीसदी अंक हासिल किए हैं। बेकनगंज निवासी अशनफ ने हिंदी व इन्वायरमेंटल साइंस में सौ फीसदी अंक हासिल किए हैं। उनके पिता मोहम्मद रेहान कारोबारी जबकि मां खुशनुमा खान गृहणी हैं। अशनफ ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही मेरिट फोकस करते हुए तैयारी की थी। इसके लिए वे योजना बनाकर हर विषय को बराबर समय देते थे। उन्होंने बताया कि अच्छे अंक लाने के लिए पूरे साल पढ़ाई में फोकस बनाए रखना बेहद जरूरी है।

### प्रतिदिन चार से पांच घंटे नियमित पढ़ाई

- किदवई नगर के आनंद बिहार ब्लॉक की निवासी अनन्या गर्ग ने आईसीएसई ( 10 वीं) में 99 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, किदवई नगर से पढ़ाई की है। अनन्या के पिता आनंद गुप्ता व्यवसायी हैं, जबकि माता श्वेता गुप्ता गृहिणी हैं। परिजनों के अनुसार, अनन्या प्रतिदिन चार से पांच घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं। अपनी सफलता का श्रेय उसने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। अनन्या जेईई एडवांस की तैयारी कर रही है और इंजीनियर बनने का लक्ष्य है।



अनन्या गर्ग।

### बिना कोचिंग के यह सफलता पाई

- जूही कला बर्रा के निवासी रिशान सचान ने आईसीएसई ( 10 वीं) में 99 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, किदवई नगर से पढ़ाई की है। उनके पिता आदित्य सचान सर्जन और माता श्वेता सचान चिकित्सक हैं। रिशान की मां श्वेता ने बताया रिशान स्कूल के बाद प्रतिदिन छह से सात घंटे पढ़ाई करता था और उसने बिना कोचिंग के यह सफलता पाई। उसे इंटरनेट से दूर रखा गया, केवल आवश्यक कार्यों के लिए कीपैड फोन दिया गया। रिशान ने डॉक्टर बनने का लक्ष्य रखा है। सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों को दिया है।



रिशान सचान।

## सिटी ब्रीफ

### आज भगवान बुद्ध जयंती मनेगी

**कानपुर।** शहर में शुक्रवार यानी आज विभिन्न स्थानों व कार्यालय में भगवान बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कुछ जगहों पर बुद्ध के अनुयायी यात्रा भी निकालते है। नगर निगम ने आदेश जारी किया है, जिसके तहत शुक्रवार को सभी गोश्त व मछली की दुकानें बंद रहेंगी।

### बिजली चोरी पकड़ी

**कानपुर।** केस्को की विजिलेंस टीम ने तीन परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक गिरजा नगर दुर्गा मंदिर के बगल में गीता शुक्ला, परमट, सिविल लाइंस में सुमित और अभिषेक शुक्ला बिजली चोरी करते पकड़े गए, जिनके खिलाफ टीम ने बिजली चोरी की एफआईआर दर्ज कराई।



यशी सचान।

### कोचिंग नहीं, सात से आठ घंटे नियमित पढ़ाई

- जरौली फेस-2 की निवासी यशी सचान ने आईएससी (12वीं) की परीक्षा में 99 .5 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। यशी ने द चिन्टल्स स्कूल, रतनलाल नगर से शिक्षा प्राप्त की है। उनकी माता सलोनी सचान सरकारी अध्यापिका हैं, जबकि पिता यादवेन्द्र सिंह सचान भी पूर्व में सरकारी शिक्षक रह चुके हैं। यशी ने बताया कि वह प्रतिदिन सात से आठ घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं और 12वीं के लिए किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने स्वयं की मेहनत, माता-पिता के मार्गदर्शन और शिक्षकों के सहयोग को दिया है।



कृष्टि गुप्ता।

### पढ़ाई के दौरान मोबाइल फोन से दूरी

- केशव नगर निवासी कृष्टि गुप्ता ने आईएससी (12वीं) परीक्षा में 99 .75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। कृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। कृष्टि मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल केशव नगर की छात्रा हैं। उनकी माता आरती गुप्ता गृहिणी हैं, जबकि पिता पवन गुप्ता व्यवसायी हैं। पिता ने बताया कृष्टि प्रतिदिन छह से सात घंटे नियमित पढ़ाई करती थीं और पढ़ाई के दौरान मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखी। इससे पहले कृष्टि ने वर्ष 2024 में 10वीं की परीक्षा में 99 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उस समय वह उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही थीं, जबकि कानपुर में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया था। कृष्टि ने जनवरी में आयोजित जेईई मेंस परीक्षा में भी 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में इंजीनियरिंग करना चाहती हैं।



श्रेयांस मिश्रा।

### सिविल सेवा में जाएंगे

किदवई नगर के वाई ब्लॉक निवासी श्रेयांश मिश्रा ने सेल्फ स्टडी के बल पर 12वीं की परीक्षा में 99 .75 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। वे मदर टेरेसा मिशन स्कूल, किदवई नगर के छात्र हैं। पिता राजकुमार मिश्रा ऑडिटर हैं, जबकि माता प्रीति गृहिणी हैं। श्रेयांश की मां ने बताया कि वह देर रात तक पढ़ाई करता था। अपनी इस सफलता का श्रेय वह परिवार के सहयोग और अनुशासन को देते हैं। श्रेयांश का सपना आगे चलकर सिविल सेवा में जाकर देश की सेवा करना है।

# मेधावी श्रेष्ठी सिंह और अनन्या गर्ग ने पाए 99.80 फीसदी नंबर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** सीआईएससीई परीक्षा परिणाम में आईसीएसई (10 वीं) में छात्रा श्रेष्ठी सिंह सिंह ने 99.80 फीसदी अंक हासिल किए हैं। मेधावी छात्रा अनन्या गर्ग ने भी 99.80 फीसदी अंक हासिल किए हैं। श्रेष्ठी सिंह शीलिंग हाउस स्कूल की छात्रा हैं जबकि अनन्या गर्ग डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, किदवई नगर की छात्रा हैं। परीक्षा परिणाम में इस बार छात्राओं ने बाजी मारी है।

मेधावी छात्राओं ने बताया कि अपने लक्ष्य को लेकर निश्चित रहीं। स्कूलों में छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी बुलाकर सम्मानित किया गया। रियांश सचान डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, किदवई नगर 99.40 फीसदी, मो. हन्नान सिद्दीकी शीलिंग हाउस स्कूल के 99.4 फीसदी व आदि अरोड़ा द चिंटल्स स्कूल ने 99.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी तरह इशिता त्रिपाठी द चिंटल्स स्कूल ने 99.2 फीसदी व आयुष अग्रवाल शीलिंग हाउस स्कूल ने 99.2 फीसदी अंक पाए हैं। देवेश बंसल स्वराज इंडिया स्कूल ने 99.2 प्रतिशत व आर्यन अग्रवाल शीलिंग हाउस स्कूल ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। आरम्या बाजपेई द चिंटल्स स्कूल ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं में अविरल यूपी किराना सेवा समिति ने 99 प्रतिशत व इशिता बाजपेई डॉ.. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर किदवई नगर 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

### पापा ने पढ़ाया, अच्छे अंक दिलाए



छात्रा श्रेष्ठी सिंह ने 99 .80 फीसदी अंक हासिल किए हैं। तिलक नगर निवासी मेधावी छात्रा के पिता सत्येंद्र प्रताप सिंह बिजली विभाग में इंजीनियर है। छात्रा की मां प्रियंका सिंह गृहणी हैं। छात्रा ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए स्कूल की पढ़ाई काफी है। उसी पढ़ाई को घर पर बेहतर तरह से वे तैयार करती थीं। घर पर उन्हें उनके पिता पढ़ाई कराते थे। पिता की ओर से बताए गए पढ़ाई के तरीकों से बेहतर अंक लाने में सहायता मिली है। इंग्लिंग के पेपर में थोड़ा हड़बड़ा जाने की वजह से अंक 99 आए। जिसकी वजह से सौ फीसदी अंक लाने से वह रह गईं।

### परीक्षा के समय पढ़ाई काम आई



शीलिंग हाउस स्कूल के मेधावी छात्र मोहम्मद हन्नान सिद्दीकी ने परीक्षा में अंत समय पर ही तैयारी की। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें काफी लाभ मिला। हन्नान ने परीक्ष में 99 .40 फीसदी अंक हासिल किए। चमनगंज निवासी हन्नान के पिता मोहम्मद इमरान सिद्दीकी कारोबारी व मां साबिया सिद्दीकी गृहणी है। हन्नान ने यह भी बताया कि परीक्षा में बेहतर अंक प्रतिशन के लिए अंग्रेजी में बेहतर तैयारी होना जरूरी है।



### बोर्ड परीक्षा का तनाव हावी नहीं होने दिया

- शीलिंग हाउस पब्लिक स्कूल के छात्र मयुख अवस्थी ने बोर्ड परीक्षा का तनाव को खुद से दूर रखा। रामबाग निवासी मयुख के पिता सुमित अवस्थी बैक कर्मचारी व मां सीमा अवस्थी गृहणी हैं। मेधावी छात्र ने बताया कि उन्होंने पूरे वर्ष स्कूल के अलावा सिर्फ दो से तीन घंटे ही पढ़ाई की है। परीक्षा की तैयारी के समय सिर्फ इतना ख्याल रखा कि पढ़ाई किसी भी दिन छूटे नहीं। कहा कि परीक्षा में डरने से तनाव होता है उससे पेपर पर असर पड़ता है। सफलता के लिए नियमित पढ़ाई बहुत आवश्यक है। साथ ही मोबाइल से दूरी रखें।






**अपराध** | आडिट में फर्जीवाड़ा पकड़े जाने पर कंपनी के सह-संस्थापक ने काकादेव थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

# सिटीमाल कंपनी के खाते से डेढ़ करोड़ पार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

- **आरोपितों कर्मचारियों ने इन रुपयों से प्लाट,कार खरीदने के साथ ही पत्नी और प्रेमिका के खातों में लाखों जमा कर सट्टा भी खेला**

**अमृत विचार।** ई-कामर्स कंपनी सिटीमाल के आनलाइन गुल्लक खाते में सेंधमारी करके ओटीपी डालकर बीते छह माह में करीब 1.50 करोड़ रुपये पार करने वाले दो डिलीवरी ब्वाय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आडिट के बाद हुए हेरफेर में मामला पकड़ में आने पर कंपनी के सह-संस्थापक काकादेव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद सर्विलांस टीम ने जांच शुरु की तो राजफाश हुआ। आरोपितों ने इन रुपयों से कानपुर देहात के माती में एक प्लाट, कार लेने के साथ ही पत्नी और प्रेमिका के खातों में लाखों रुपये डाले। इतना ही नहीं उन्होंने करीब 40 लाख रुपये का सट्टा भी खेला। पुलिस इस नेटवर्क में शामिल लोगों की तलाश में जुटी है।

डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि ई-कामर्स कंपनी सिटीमाल के सह-संस्थापक लखनऊ निवासी वरुण रमन ने तहरीर देते हुए कहा कि कंपनी के आनलाइन गुल्लक खाते से करीब 1.50 रुपये पार हो गए हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए सर्विलांस और साइबर टीम को लगाया गया। जिसमें पता चला कि रावतपुर गांव के विशाल कनौजिया और मथुरा नगर के राहुल कुशवाहा ने कंपनी के डिलीवरी ब्वाय के रूप में काम करते हुए कंपनी के आनलाइन गुल्लक खाते का ओटीपी हासिल किया था।

इस दौरान उन्होंने छह माह में खाते से 1.50 करोड़ रुपये पार कर दिए। यह रकम विशाल ने अपनी पत्नी ज्योति और प्रेमिका के खातों में ट्रांसफर की। ज्योति के खाते में 40 लाख, प्रेमिका के खाते में 38 लाख, कानपुर देहात के माती में एक प्लाट खरीदने के साथ ही एक कार भी खरीदी।

इतना नहीं दोनों ने इस रकम से 40 लाख रुपये का सट्टा भी खेला जो हार गए। पुलिस ने पनकी स्थित वेयरहाउस के पास से दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर उनके पास से लैपटाप,टैबलेट 49 हजार रुपये कार और जेवरात भी बरामद किए है। पुलिस इसमें शामिल अन्य लोगों की तलाश भी कर रही है।


www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# मेधावियों ने मेहनत से बढ़ाया मान, पाया सम्मान

कानपुर। सीआईएससीई के घोषित परीक्षा परिणाम में साल भर मेहनत करने वाले मेधावियों ने शानदार अंक पाकर घर-परिवार, स्कूल और शहर का नाम रोशन किया। सफल मेधावियों ने लक्ष्य बनाकर निरंतर पढ़ाई, रिवीजन, परिजनों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन के अपनी सफलता का श्रेय दिया। स्कूलों में मेधावियों की सफलता पर मिठाई खिलाकर और ढोल बजाकर जश्न भी मनाया गया। मेधावियों ने भविष्य के अपने सपनों को भी साझा किया।

## भव्य अरोड़ा ने 98.8 फीसदी अंक

- कानपुर। स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीआईएससीई की ओर से घोषित परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देवेश बंसल ने 99 .2 फीसदी ने सबसे अधिक अंक हासिल किए। अहाना गुप्ता ने 97 .2 फीसदी अंक हासिल किए। बारहवीं में भव्य अरोड़ा ने 98 .8 फीसदी अंक हासिल किए। इस दौरान विद्यालय की निदेशिका प्रेरणा मुसद्दी ने छात्रों को सम्मानित किया।



स्वराज इंडिया स्कूल के मेधावियों ने मनाया जश्न। अमृत विचार



आरजी एकेडमी के सफल छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- **कानपुर।** आरजी एकेडमी के हर्ष साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।छात्र के अंकों में इतिहास एवं नागरिक शास्त्र में 99, अर्थशास्त्र 98 व कंप्यूटर एप्लीकेशन 97 अंक हासिल किए हैं। इसी तरह छात्र केशव प्रसाद, मन्नत विशाल, अवनीश शुक्ला, ज्योतिल गुप्ता, केशव राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



## छात्रों ने हासिल की सफलता

- केडीएमए वर्ल्ड के छात्र-छात्राओं ने 12वीं में वंश गौतम 97 .4 फीसदी, सारांश रस्तोगी 97 फीसदी, गिरिराज 96 .4 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी तरह 10वीं में समर्थ भाटिया ने 96 .8 फीसदी, सृष्टि शुक्ला 95 .4 फीसदी, सानवी गंगवार 95 .2 फीसदी अंक हासिल किए हैं।




## सौ फीसदी परिणाम रहा

- सरदार पटेल पब्लिक स्कूल जूही बर्रा का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में आईसीएसई व आईएससी में इस वर्ष सौ फीसदी रहा। दसवीं की छात्रा साक्षी यादव ने 87 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह बारहवीं में कर्णिका ने 83 फीसदी अंक हासिल किए।



## सौ फीसदी रिजल्ट

- स्वीट एंजल्स इंटरनेशनल स्कूल सनिगवां आईएससी का परिणाम सौ फीसदी रहा। आईएससी में अध्यान गुप्ता ने 97 .95 फीसदी अंक हासिल किए है। आईसीएसई में हेमंत यादव ने 91 .8 फीसदी अंक हासिल किए। चेयरमैन आलोक कुमार ने सभी को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शालिनी मिश्रा रहीं।



## मेधावी हुए सम्मानित

- कानपुर एसजे एजुकेशन सेंटर हंसपुरम के मेधावियों ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल में दसवीं में शिरीष तिवारी ने 98 फीसदी, माहिका शुक्ला ने 95 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इसी तरह बारहवीं में शुभ गुप्ता ने 96 फीसदी, तन्मय शुक्ला ने 94 फीसदी अंक हासिल किए हैं। इस दौरान प्राचार्य देवेश अवस्थी, अनिल कटियार, अभिषेक श्रीवास्तव, अरुणा सिंह व अमित शुक्ल ने मेधावियों को सम्मानित किया।



## मेधावियों का सम्मान किया

- मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। आईएससी में छात्र श्रेयांश मिश्रा ने 99 .75 फीसदी अंक हासिल किए। हितेषा पाल ने 98 .5 फीसदी, अभिषेक चतुर्वेदी को 98 .25 फीसदी अंक मिले। आईसीएसई में रुद्र प्रताप को 98 फीसदी, अनन्या तिवारी ने 97 .8 फीसदी अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य डॉ. वीना साइलस, प्रबंधक यशराज साइलस व उपप्रधानाचार्य दीक्षा साइलस ने मेधावियों को सम्मानित किया।



## गगन श्रीवास्तव के 97 फीसदी अंक

- एक्मे पब्लिक स्कूल का जारी परीक्षा परिणाम में गगन श्रीवास्तव के 97 फीसदी व अंश कटियार ने 96 फीसदी अंक आसिल किए हैं। इसी तरह मोटवानी ने 95 फीसदी अंक हासिल किए हैं। आईएससी के वैष्णवी ने 98 फीसदी वैष्णवी केसरी ने 95 फीसदी अंक हासिल किए हैं। संस्थापक एसडी मिश्र ने निदेशिका रंजना मिश्रा ने सभी मेधावियों को सम्मानित किया।



## प्रत्यक्ष राठौर के 98.8 फीसदी अंक

- यूनाइटेड पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस में दसवीं में प्रत्यक्ष राठौर ने 98 .8 फीसदी अंक, तेजश्व गुप्ता ने 98 फीसदी, शुभांशी जायसवाल ने 97 .6 फसीदी अंक हासिल किए। इसी तरह बारहवीं में दर्शिका सिह ने 95 .5 फीसदी अंक व इशी गुप्ता को 92 .25 फीसदी अंक हासिल किए।




## स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

- भगवती एजुकेशन सेंटर के परीक्षा परिणामों में बारहवीं में अपेक्षा धीमान ने 96 फीसदी व श्रुति शुक्ला ने 95 फीसदी अंक हासिल किए है। इसी तरह दसवीं में स्नेहा भारती 95 फीसदी व अंतरा यादव ने 93 फीसदी अंक हासिल किए हैं।




## ह्रदेश सिंह के 96 फीसदी अंक

- डॉ बृजकिशोरी दुबे मेमोरियल विद्यालय के जारी परीक्षा परिणाम में आईसीएसई में ह्रदेश सिंह के 96 फीसदी अंक व साश्वत तिवारी ने 95 .8 फीसदी अंक हासिल किए है। इसी तरह आईएससी की अंतिमा श्रीवास्तव ने 95 फीसदी अंक हासिल किए हैं।



## तन्मय मिश्रा के 97.25 फीसदी नंबर

- सेंट थॉमस स्कूल के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता हासिल की। इस दौरान बारहवी में तन्मय मिश्रा ने 97 .25 फीसदी व रिद्धिम शर्मा ने 97 .25 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह दसवीं की छात्रा अधरिका गुप्ता ने 96 .6 व आराध्य बाजपेई ने 96 .6 फीसदी अंक हासिल किए। इस दौरान फादर थॉमस कुमार ने मेधावियों को सम्मानित किया।



## मेधावी हुए सम्मानित

- मदर टेरेसा हायर सकेंडरी स्कूल केशव नगर में आईसीएसई में वंशिका शर्मा ने 97 .6 फीसदी, परिधि ओमर ने 94 .6 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह आईएससी में कष्ठी गुप्ता ने 99 .75 फीसदी अंक हासिल किए हैं। देवांशी यादव ने 95 .5 फीसदी अंक हासिल किए हैं। प्रधानाचार्या रेनू सिंह, जगजीत सिंह, विनीत शुक्ला, योगेश अवस्थी, पूनम गुप्ता ने मेधावियों को सम्मानित किया।



## मेधावियों को दी बधाई

- गुरु हरराय अकादमी के जारी परीक्षा परिणाम में दसवीं में आद्या मिश्रा के 97 फीसदी, सुनिश्का वर्मा को 97 फीसदी अंक मिले। 12 वीं में आराध्य जायसवाल ने 97 .25 फीसदी आदि जायसवाल ने 95 .25 फीसदी अंक हासिल किए हैं। विद्यालय में 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल करने वाले मेधावियों की संख्या सर्वाधिक रही। प्रबंधक मनमोहन सिंह व प्रधानाचार्य मोनिका गुप्ता ने बधाई दी।



## कामद का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- कामद सन साइन स्टार एकेडमी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय में दसवीं के मेधावी समीर सेंगर के 95 फीसदी, हर्ष दिवाकर के 95 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह बारहवी के परीक्षार्थियों ने सौ फीसदी सफलता हासिल की। इस दौरान चेयरमैन अखिलेश शुक्ल ने सभी को सम्मानित किया।



## अमोद शुक्ला ने 97.4 फीसदी अंक हासिल किए

- मर्सी मेमोरियल स्कूल किदवई नगर में मेधावियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दसवीं के विद्यार्थियों में शुभम अग्रवाल ने 98 फीसदी व अमोद शुक्ला ने 97 .4 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह बारहवीं में कनक अग्रवाल ने 98 .75 फीसदी अंक हासिल किए।



## मेधावियों का हुआ सम्मान

- ऑल ब्राइट ग्लोबल स्कूल जरौली के दसवीं के आराध्या द्विवेदी ने 96 फीसदी, नक्ष्य गुप्ता ने 95 फीसदी, कैश्तब बाजपेई ने 95 फीसदी अंक हासिल किए। स्कूल के प्रबंधक शिवराम सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह व प्रधानाचार्य दिव्या मिश्रा ने मेधावियों को सम्मानित किया।

## 10वीं के होनहार

### डॉ. वीरेन्द्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर



| | | | |
|---|---|---|---|
| अभिरती बाजपेई | इशिता बाजपेई | अध्रीका द्विवेदी | अहस्कर निगम |
| 98% | 99% | 98.8% | 98.8% |

### मर्सी मेमोरियल स्कूल, किदवई नगर



| | | | |
|---|---|---|---|
| शुभ अग्रवाल | अमोघ शुक्ला | निष्ठा अवस्थी | अराध्य गुप्ता |
| 98% | 97.4% | 97.2% | 96.4% |

### गुरु हर राय एकेडमी



| | | | |
|---|---|---|---|
| शनिष्का वर्मा | अध्या मिश्रा | जैनेब | देव मकिन |
| 96.8% | 96.8% | 96% | 96% |

### यूनाइटेड पब्लिक स्कूल ,सिविल लाइंस



| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रत्यक्ष राठौड़ | तेजस्व गुप्ता | शुभांशी जायसवाल | रिद्मिा गुप्ता |
| 98.8% | 98% | 97.6% | 96.8% |

### स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल, काकादेव



| | | | |
|---|---|---|---|
| देवेश बंशल | अभिराज प्रताप सिंह | स्वर्णिम गुर्जर | श्रेयांश चौहान |
| 99.2% | 98.4% | 98.4% | 98.0% |

### मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेण्ड्री स्कूल



| | | | |
|---|---|---|---|
| रुद्र प्रताप | अनन्या तिवारी | श्रेया यादव | ओशियन गुप्ता |
| 98% | 97.8% | 97.6% | 97% |

### सेन्ट एलॉयाशियस हाई स्कूल, कैंट



| | | | |
|---|---|---|---|
| पुष्कर गुप्ता | अयुष्मान सिंह | अभय पाल | अनिरुद्ध चौधरी |
| 98.2% | 96.8% | 96.6% | 96.4% |

### यूपी किराना सेवा समिति, किदवई नगर



| | | | |
|---|---|---|---|
| अविरल यादव | उत्कर्ष केसरवानी | कुशाग्र शुक्ला | कौस्तुभ द्विवेदी |
| 99% | 97.6% | 96.4% | 96% |

### केडीएमए वर्ल्ड, केशवपुरम



| | | |
|---|---|---|
| समर्थ भाटिया | सृष्टि शुक्ला | सान्वी गंगवार |
| 96.8% | 95.4% | 95.2% |

### सनशाइन पब्लिक स्कूल ,केशवपुरम



| | | |
|---|---|---|
| सैयद मो. उजैर | रुद्रांश त्रिपाठी | रेनुका सिंह |
| 98% | 95% | 97% |

## सिटी ब्रीफ

### नशे के धंधे को लेकर चकेरी में फिर फायरिंग

**चकेरी।** काजीखेड़ा लाल बंगला में मादक पदार्थ की बिक्री के विवाद में एक बार से फिर से फायरिंग का मामला सामने आया है। इलाके के दो आरोपितो ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी है। पुलिस ने एक पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपितो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। इससे पहले भी उक्त स्थान में फायरिंग हो चुकी है। काजीखेड़ा लाल बंगला निवासी जितेंद्र कटियार उर्फ चानू की तहरीर के अनुसार बीती 28 अप्रैल की रात को वह खाना खाने के बाद इलाके में टहल रहे थे। तभी इलाके के साहिल उर्फ गंजू और मुन्ना ने बिना किसी बात के उनपर फायर झोंक दिया। जिसमें वह बाल बाल बच गए। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी ककरीब डेढ़ साल पहले इलाके में मादक पदार्थ की बिक्री को लेकर फायरिंग हुई थी। इस बार भी इसी बात को लेकर फायरिंग हुई है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चाइनीज मांझे की चपेट में आकर छात्र का जबड़ा कटा

**चकेरी।** रेलबाजार के खपरा मोहाल पुल पर कोचिंग से घर लौट रहे इंटर का छात्र चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। छात्र के दाएं तरफ के जबड़े की खाल काट गई। आधा दर्जन से ज्यादा टांके लगे हैं। रेलबाजार के मीरपुर कैंट निवासी 17 वर्षीय रोहन इंटर का छात्र है। बीते बुधवार की शाम को रोहन अपने दोस्त के साथ साइकिल से घर लौट रहा था। तभी खपरा मोहाल पुल पर अचानक रोहन चाइनीज मांझे की चपेट में आया। जिससे उसके दाएं तरफ के जबड़े की खाल कट गई। रोहन लहुलुहान होकर सड़क पर गिर गया। उसका दोस्त राहगीरों की मदद से उसे पास के निजी अस्पताल ले गया। रोहन के करीब आधा दर्जन से ज्यादा टांके लगे हैं। वहीं सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजन उपचार के बाद रोहन को घर ले गये।

# साइबर ठगी रैकेट में चार बैंकों के मैनेजर, डिप्टी मैनेजर गिरफ्तार

## साइबर ठगों को म्यूल खाते उपलब्ध कराते थे, बैंक एजेंट समेत कई अन्य भी दबोचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साइबर ठगों को म्यूल खाते मुहैया कराने वाले तीन युवकों समेत चार बैंकों के मैनेजर, डिप्टी मैनेजर व अन्य को बर्रा पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गिरोह साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी फर्म बनाकर ठगी की रकम ट्रांसफर कराते थे। अक्टूबर 2025 में नवीं मुंबई में डिजिटल अरेस्ट कर 58 करोड़ की ठगी के बाद गुजैनी निवासी शुभम के खाते में 2.5 करोड़ रुपए भेजे थे। इसी तरह देश में 17 अन्य हुए साइबर क्राइम में भी शुभम के खाते का इस्तेमाल हुआ था। बर्रा पुलिस के पास एनसीआरपी पोर्टल से अलर्ट आया था। शुभम की खाते की जांच कर उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि बर्रा-7 निवासी राजवीर ने 25 लाख का लोन दिलाने के नाम पर नौबस्ता स्थित फिनो बैंक में खाता खुलवाया था। पुलिस नौबस्ता पहुंची, लेकिन फिनो बैंक की कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि खाते फ्रीज कराने की जानकारी बैंककर्मी साइबर ठगों तक पहुंचाते थे, जिसपर ठग खाते से रकम निकाल लेते थे।

पुलिस कमिश्नर ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पिछले दिनों ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा पुलिस ने किया था, जिसमें वरुण विहार, बर्रा 8 निवासी तनिष गुप्ता का नाम प्रकाश में सामने आया था। पुलिस की जांच में सामने आया कि तनिष के संबंध संजय और राजकुमार वर्मा से हैं, जो ठगी का की रकम हवाला के जरिये व्हाइट करने का काम करते थे।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कानपुर में गिरोह का सरगना बर्रा सात निवासी राजवीर सिंह यादव है, जो कि फरार है। राजवीर ठगों को म्यूल अकाउंट मुहैया कराता था, जिसमें ब्लिंकिट में डिलीवरी बॉय वरुण विहार निवासी सोनू शर्मा के खाते में 67 करोड़ का ट्रांजेक्शन किया था। सोनू का अकाउंट फर्जी सिस्को कॉमर्स इंडिया कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड था। सोनू के खाते में 93 लाख रुपये मिले है, जिन्हें होल्ड करा दिया गया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि राजवीर को आगरा का अनचित गोयल हैंडल करता था। अनचित के ड्राइवर सतीश पांडेय के नाम आगरा के एसबीआई बैंक में राजाराम ट्रेडर्स के नाम से फर्जी फर्म रजिस्टर्ड है, उसके खाते में 53 करोड़ का ट्रांजेक्शन पाया गया है। वहीं टैटू बनाने वाले गोविंद नगर 5-ब्लॉक निवासी साहिल विश्वकर्मा के खाते में एक करोड़ का ट्रांजेक्शन मिला है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि चार माह में ठगों ने 125 करोड़ की ठगी की है। सोनू, सतीश व साहिल को ठगी की रकम का 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

राजवीर सिंह फिनो बैंक में फाइनेंस का काम करता था, जिस कारण वह कई बैंक कर्मियों के संपर्क में था। आवास, उद्यम सर्टिफिकेट व सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के नाम पर खाते खुलवाता था। इसके बाद खातों में आई रकम को राजवीर ट्रस्ट के खातों में और हवाला के जरिए देश के विभिन्न राज्यों में भेजता था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि ठगी की रकम खातों में भेजने पर ट्रस्ट रकम का 30 प्रतिशत हिस्सा लेते थे, इसके बाद 10 प्रतिशत हिस्सा राजवीर अपने साथ काम करने वालों के लिए रखता था, शेष 60 प्रतिशत रकम ठगों को दे दी जाती थी। पुलिस की जांच में कर्नाटक के अफजलपुर के जामिया इस्लामुल बन्नत ईसी ट्रस्ट का नाम सामने आया है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट के 30 करोड़ रुपये भेजे गए थे। इसके साथ ही खातों से भारी रकम का ट्रांजेक्शन कर महाराष्ट्र, गुजरात समेत देश के विभिन्न प्रदेशों में ठगी की रकम भेजी जाती थी, जिसका 10 से 20 प्रतिशत कमीशन लिया जाता था। पुलिस को राजवीर सिंह की लोकेशन छत्तीसगढ़ के पास मिली है।

### जानिए बैंककर्मी किस तरह करते थे ठगों की मदद

- पुलिस ने स्वरूप नगर स्थित सीएसबी बैंक के ब्रांच मैनेजर गुजैनी निवासी अमित कुमार, कन्नौज के एक्सिस बैंक में ऑपरेशन हेड (सीनियर मैनेजर) के रूप में कार्यरत बहराइच के आगापुर गांव, थाना जरवलरोड निवासी धर्मेंद्र सिंह, कन्नौज के एक्सिस बैंक में डिप्टी मैनेजर रसूलाबाद के गांव रतनपुर निवासी अमित सिंह, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक में पीआर मैनेजर कल्याणपुर के साहब नगर निवासी आशीष कुमार व बैंक एजेंट वरूण विहार निवासी तनिष गुप्ता को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। साइबर ठगी से संबंधित खातों की जानकारी होने पर जब पुलिस बैंकों में होल्ड एप्लीकेशन देती थी, तो पकड़े गए बैंककर्मी ठगों को जानकारी दे देते थे। जिस पर खाते होल्ड होने से पहले ठग ज्यादा से ज्यादा रकम निकाल लेते थे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सीएसबी बैंक के खाते होल्ड पर लगवाने के दौरान प्रति घंटे 4 से 5 लाख की रकम निकाली गई थी। 14 दिन में 90 लाख रुपए का खाते से लेनदेन किया गया, जिसकी खाताधारक को जानकारी नही है। इसके साथ ही बैंककर्मियों की मिलीभगत से ठग फर्जी जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन करा कर करंट अकाउंट खुलवाते थे, जिससे पैसों की लेनदेन की लिमिट ज्यादा मिल सके। खाते खुलवाने के बाद एटीएम, चेकबुक, पासबुक फर्जी एड्रेस पर भेज दिया जाता था, एड्रेस पर कोई न मिलने पर पार्सल वापस आ जाता था। जिसके बाद बैंककर्मी डिलीवरी बॉय को फोन कर चेकबुक, पासबुक और एटीएम ठगों के हैंडओवर करा देते थे। ठगी से मिली रकम का 5 से 10 प्रतिशत हिस्सा बैंककर्मियों जाता था।

- चार महीने में ठगों ने 125 करोड़ की ठगी की

### इन बैंकों की पाई गई संलिप्तता

- पुलिस की जांच में यूपी ग्रामीण बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, सीएसबी बैंक, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक, एक्सिस बैंक, महाराष्ट्रा ग्रामीण बैक, यूको बैंक, सिटी यूनियन बैंक की संलिप्तता सामने आई है। इसके साथ ही पकड़े गए आरोपियों के पास 24 फर्जी जीएसटी फर्म, 16 म्यूल अकाउंट, 22 फर्जी सिम कार्ड, 9 मोबाइल मिले हैं।

# मेट्रो के 50 फीट गहरे गड्ढे में गिरा युवक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही थाना क्षेत्र के मिलेट्री कैम्प इलाके में टीपी नगर मेट्रो साइट पर वेंटीलेटर चैम्बर में गिरने से नौबस्ता धरीपुरवा निवासी 18 वर्षीय युवक करीब 50 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। शोर मचने पर पहुंची पुलिस और राहत टीम ने हाइड्रा क्रेन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। युवक के हाथ पैर में चोट आई है लेकिन हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।


कृष्णा।

पुलिस के अनुसार गड्ढे की लम्बाई चौड़ाई करीब 20 फीट और गहराई 50 फीट से अधिक बताई जा रही है। जिसमे चारों तरफ सीमेंटेड दीवारें बनी हैं। उपरी हिस्से से करीब 3 फिट बाउंड्री है। वेंटीलेटर चैम्बर में अचानक गिरने से युवक सीधे गहरे गड्ढे में जा गिरा। जिससे इलाके में अफरा तफरी मच गई। पुलिस और राहत टीम ने हाइड्रा क्रेन मंगाई और त्वरित रेस्क्यू से युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। फिर एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा गया। पूछताछ में पीड़ित ने बताया कि वह गड्ढे की बाउंड्री पर बैठकर सिगरेट पी रहा था। तभी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया। उसकी पहचान नौबस्ता धरीपुरवा निवासी कृष्णा पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई। जूही इंस्पेक्टर केके पटेल ने बताया कि युवक को सकुशल निकाल लिया गया है और हालत स्थिर है। वहीं मेट्रो जनसंपर्क अधिकारी पंचानन मिश्रा के मुताबिक इसमें मेट्रो की लापरवाही नहीं है बल्कि यह अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने का मामला है।

### चोरी करने के इरादे से घुसा था युवक

- कानपुर मेट्रो के जनसंपर्क अधिकारी पंचानन मिश्रा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्थानीय युवक द्वारा निर्माणाधीन स्थान पर मेट्रो संपत्ति को चोरी करने के इरादे से अनधिकृत प्रवेश किया गया था, जिस दौरान वह मेट्रो के शाफ्ट पिट में उतरने के बाद निकल नहीं पाया। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। मेट्रोकर्मियों ने उसे सीढ़ी से बाहर निकाला और निकट पुलिस चौकी के पुलिस कर्मी उसे साथ ले गए। मेट्रो का वहां निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है और शाफ्ट या पिट को बंद किया जा रहा है।

## उधना-मधुबनी विशेष अनारक्षित ट्रेन चलेगी

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए उधना (गुजरात के सूरत में) से मधुबनी तक विशेष अनारक्षित ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इस गाड़ी में स्लीपर 17 एवं पार्सल के 2 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 09151 उधना से प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को चलेगी। गाड़ी संख्या 09152 मधुबनी से प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को संचालित होगी। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि उधना से 1,6,8,13,15,20,22, 27 व 29 मई एवं 3,5,10,12,17,19,24 व 26 जून को चलेगी। गाड़ी संख्या 09152 मधुबनी से 2,7,14,21,23,28, 30 मई एवं 4,6,11,18,20,25 जून को संचालित होगी।

# उद्यमियों की समस्याओं के लिए हर शुक्रवार को बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीएम ने गैर हाजिर अधिशासी अभियंता का वेतन रोका

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई जिसमें जल निगम के अधिशासी अभियंता प्रवीण यादव बिना अनुमति अनुपस्थित रहे जिससे जिलाधिकारी ने उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक शुक्रवार को संबंधित विभागों के साथ बैठक करें और समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें।

गुरुवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें जनपद के औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़ी सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें। आवास विकास विभाग के 03 लंबित प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध न कराने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध आवास आयुक्त को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए। आईआईए द्वारा दादा नगर से विजय नगर मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने की समस्या उठाई। जिलाधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जिला हाईवे टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है जिसके माध्यम से एनएचएआई द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली कटौती व स्मार्ट मीटर पर सपाई नाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अघोषित बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के खिलाफ सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता केस्को मुख्यालय पहुंचे और एमडी सैमुअल पॉल को ज्ञापन दिया। कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

सपा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भीषण गर्मी में बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम जनता परेशान है। रात भर बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि स्मार्ट मीटर तेज गति से चल रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अत्यधिक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। मांग है कि अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और स्मार्ट मीटर की व्यवस्था को पूर्णतः बंद किया जाए। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, नंदलाल जयसवाल, नरेंद्र सिंह, रजत मिश्रा, दीपक खोटे, शादाब आलम, राजेश गोंड कश्यप,कीर्ती अग्निहोत्री, सिंपल सिंह,वीरु पासवान, रजत यादव,सचिन सिंह, हरिकेश यादव,अमित मिश्रा, राजेंद्र जयसवाल,आशिष यादव,इशरत इराकी,सलाम इदरीसी रहे।



केस्को एमडी को ज्ञापन सौंपते सपा नेता। अमृत विचार

## वीआईपी रोड पर रफ्तार के कहर ने ले ली बुजुर्ग की जान

**कानपुर।** वीआईपी रोड पर एक बार फिर तेज रफ्तार वाहन का कहर देखने को मिला। बुधवार देर रात वीआइपी रोड पर सड़क पार कर रहे 80 वर्षीय बुजुर्ग को तेज रफ्तार वाहन रौंदते हुए भाग निकला। हैलट में डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसी फुटेज से आरोपित चालक की तलाश में जुटी है।

ग्वालटोली के खलासी लाइन जालिम सिंह का अखाड़ा निवासी 80 वर्षीय सरजू प्रसाद हजारिया एल्गिन मिल में काम करते थे। परिवार में पत्नी माया देवी हैं। उनके दो बेटे राजेश व राकेश की एक साल पहले मौत हो चुकी है। पौत्र अमन ने बताया कि बाबा सरजू प्रसाद रोज की तरह बुधवार देर रात खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे। वह वह रिवर साइड पावर हाउस (आरपीएच) चौराहे के पास पहुंचे ही थे, तभी गीनपार्क की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनको कुचल दिया और मौके से भाग निकला। ग्वालटोली थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। रिपोर्ट दर्जकर चालक की तलाश की जा रही है।

# 24 घंटे में अविनाश हुए कार्यसमिति से बाहर

विशेष संवाददाता,कानपुर

- पूर्व में पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण दिखाया गया बाहर का रास्ता

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिले में नवनियुक्त 50 सदस्यों की कार्यसमिति से अविनाश शुक्ला की 24 घंटे के भीतर ही छुट्टी कर दी गई। जिला कार्यसमिति की घोषणा के बाद से कई सदस्यों की नियुक्तियां सवालों के घेरे में हैं। शिकायत है कि कुछ ऐसे लोग जगह पा गए हैं, जिनकी पार्टी में कोई खास भूमिका कभी नहीं रही। कुछ विवादित चेहरे भी हैं। कुछ ऐसे लोग भी जगह पा गए हैं, जो सिर्फ अपने राजनीतिक आकाओं के ही इर्द-गिर्द नजर आते हैं और फोटो वायरल करके भौकाल गांठते हैं। पार्टी के लिए इनका योगदान शून्य है। सालों से ठंडे पड़े लोगों को भी जगह मिलने से सवाल उठ रहे हैं।

भाजपा उत्तर जिला कार्यसमिति को लेकर सवाल यह भी उठ रहा है कि जातीय संतुलन नहीं बनाया गया है, ब्राह्मणों को ज्यादा तरजीह दी गई है। ऊपर तक शिकायत हुई कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहे अविनाश शुक्ला को सदस्य बना दिया गया है। इसी के बाद उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। पार्टी सूत्र बताते हैं कि अब कार्यसमिति की नए सिरे से समीक्षा की जा रही है। कुछ और सदस्यों की छुट्टी हो सकती है। मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि अविनाश पूर्व में पार्टी विरोधी कार्यों में लिप्त रहे थे, इसलिए उन्हें हटाया गया है।

### कुछ तो सक्रिय सदस्य ही नहीं

- चर्चा है कि कार्यसमिति में कुछ ऐसे भी चेहरे मनोनीत कर दिए गए हैं, जो सक्रिय सदस्य तक नहीं हैं। यह भी तथ्य है कि अमूमन सक्रिय सदस्यों को ही जिला कमेटी और कार्यसमिति में ओहदा दिया जाता है, लेकिन इसकी अनदेखी हुई है। नियम है कि 100 सदस्य बनाने पर कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य बनाया जाता है। पूर्व में कांग्रेस से जुड़े रहे और अब एक विधायक के साथ सिर्फ फोटो वायरल करके भौकाल बनाने वाले साउथ सिटी के एक सदस्य के नाम पर भी आपत्ति है जो फील्ड में कभी नहीं दिखाई देते।

# बुनियादी सुविधाओं के अभाव में 500 उद्योग इकाइयों पर संकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- समस्याओं से जूझ रहे कानपुर के उद्योग, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने जताई चिंता

**अमृत विचार।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने कानपुर के गिरते औद्योगिक परिदृश्य पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लगभग 500 उद्योग इकाइयों पर संकट गहराता जा रहा है।

गुरुवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा "मंथन" के अंतर्गत शारदा नगर स्थित एक होटल में बैठक की जिसमें शहर के प्रमुख उद्यमियों ने सहभागिता की। संचालन संस्था के महामंत्री हर्षल अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष श्री आरके अग्रवाल ने उद्योगों से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अंजनीश प्रताप सिंह, उपायुक्त, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, कानपुर ने विभिन्न औद्योगिक योजनाओं, सब्सिडी एवं प्रोत्साहन नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने कानपुर के गिरते औद्योगिक परिदृश्य पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि "बुनियादी सुविधाओं के अभाव में कानपुर का उद्योग लगातार पिछड़ता जा रहा है, जबकि अन्य शहर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस्पात नगर एवं व्यापार नगर का उदाहरण देते हुए बताया कि यहां संचालित 400-500 उद्योग पिछली बरसात में जलभराव के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए थे। 42 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बावजूद अबतक न तो नालों का निर्माण हुआ और न ही सड़कों का। यदि बरसात से पहले कार्य पूरा नहीं हुआ, तो इन उद्योगों के बंद होने की स्थिति बन सकती है। संस्था के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण खेत्रपाल, आलोक अग्रवाल, आर.के.अग्रवाल, जय हेमराजानी, दिनेश बरासिया, मनमोहन राजपाल, विक्रांत अग्रवाल, विशाल नड्डा व विवेक निगम आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**कानपुर :** जनपद में आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता अपर जिला जज सुभाष सिंह एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रश्मि सिंह ने की। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार शुक्ला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनव तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म M/s- VINEET KUMAR GUPTA AND ASSOCIATES, 117/143 'Q' Block, Sharda Nagar, Kanpur Nagar, U.P. 208025 का साझीदार फर्म का पंजीयन रजि0सं0-KAP/0020769 पर दिनांक 03.03.2020 में हुआ था। फर्म की भागीदारी डीड दिनांक 17.03.2020 के अनुसार फर्म में श्री अनिल तिवारी, श्री सुधीर कुमार व श्री विनीत कुमार गुप्ता साझीदार थे। संशोधित भागीदारी डीड दिनांक 27.03.2026 के अनुसार साझीदार श्री अनिल तिवारी बालिग पुत्र श्री योगेन्द्र नाथ तिवारी निवासी फ्लैट नं0 802, टावर-3, एमराल्ड गार्डन, कानपुर नगर, उ0प्र0 208002 स्वइच्छा से पृथक हो गये हैं। अब फर्म में श्री सुधीर कुमार व श्री विनीत कुमार गुप्ता साझीदार हैं। फर्म का पता अब 117/143B, 'Q' Block, Sharda Nagar, Kanpur Nagar, U.P. 208025 कर दिया गया है।

पार्टनर - सुधीर कुमार


## आक्रोश — एक हजार से अधिक कर्मचारियों ने रखी अपनी बात

# नगर निगम में निजीकरण के विरोध में नारेबाजी व धरना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को दोपहर दो बजे करीब एक हजार कर्मचारी एकत्र हुए और निजीकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का यह प्रदर्शन करीब तीन घंटे तक चला, जिसमे उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को रखा।

संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि नगर निगम प्रशासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश की अवेहलना कर रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कर कर्मचारियों को लाभ देने का आदेश दे चुके है और दूसरी तरफ नगर निगम प्रशासन निजीकरण कर पांच हजार आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को निविदा आमंत्रित कर निजी कंपनी को सौंपने का टेंडर खोलने का मन बना चुका है। नगर आयुक्त से वार्ता का अनुरोध किया गया, लेकिन वह वार्ता के लिए आज तक नहीं तैयार हुए। 14 मई को दोबारा आम सभा की जाएगी। समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 11 मई से 13 मई तक काला फीता बांधकर आम कर्मचारी विरोध करेंगे। 14 मई को आमसभा में उसी दिन से कार्य बहिष्कार का नारा दे दिया जाएगा।



निजीकरण के विरोध में नगर निगम मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

- 14 मई को आमसभा में होगी कार्य बहिष्कार की घोषणा

इस दौरान जयपाल सिंह, रमाकांत मिश्र, हरिओम वाल्मीकि, विनोद रावत, धीरज गुप्ता, कमरुद्दीन,अजीत बाघमार, मुन्ना हजारिया, उस्मान अली शाह, मुकेश वाल्मीकि, पिंटू चौधरी, अखिलेश सिंह, बृजलाल भारती, मुन्ना गंगोत्री, सुधाकर मिश्रा, नीलू निगम, मुन्ना पहलवान, नरेंद्र खन्ना, रामगोपाल चौधरी, धर्मेंद्र , रमेश अंबेडकर, रामगोपाल समुद्र, पवन कौशल आदि रहे।


**कार्यालय कलेक्टर/ लाइसेंस प्राधिकारी, जनपद कानपुर नगर**

पत्रांक: 216/ जि0आ0अधि0/का0न0/ दैनिक व्यवस्थापन /2026-27 दिनांक: 29 अप्रैल 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लगातार 02 बार आफर मांगने के पश्चात् भी दैनिक आधार पर व्यवस्थापन हेतु कोई भी आफर प्राप्त नहीं हुआ है। तत्पश्चात् राजस्वहित में आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के प्राविधानों के अनुपालन में वर्ष 2026-27 की ई-लाटरी के चतुर्थ चरण के पश्चात अव्यवस्थित देशी शराब की 45 फुटकर दुकानों, कम्पोजिट शॉप की 05 दुकानों, मॉडल शॉप की 01 दुकानों एवं भांग की 04 दुकानों को राजस्वहित में निर्धारित देयताओं पर अधिकतम 20 प्रतिशत कम पर दिनांक 01.05.2026 से 14 दिवस या नियमित व्यवस्थापन, जो पहले हो, तक के लिये दैनिक आधार पर संचालन कराया जाना है।

इच्छुक आवदेकों द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित बेसिक लाइसेंस फीस / लाइसेंस फीस से अधिकतम 20 प्रतिशत क्रम देयताओं को आधार मानकर दैनिक आधार पर बेसिक लाइसेंस फीस / लाइसेंस फीस के सापेक्ष आफर प्रस्तुत किये जा सकेगें। दिनांक 01.05.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे अपरान्ह तक आफर बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कानपुर नगर मे जमा किये जायेगें तथा प्राप्त आफर आवेदकों के समक्ष दिनांक 01.05.2026 को समय दोपहर 12:30 बजे जिला आबकारी अधिकारी कानपुर नगर द्वारा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कानपुर नगर में खोले जायेंगे। सर्वोच्च आफर दाता के पक्ष में दैनिक लाइसेंस फीस के भुगतान एवं 14 दिन के निर्धारित एम0जी0क्यू0 पर दुकान उक्त अवधि या नियमित व्यस्थापन होने तक (जो पहले हो) के लिये दैनिक आधार पर व्यवस्थित की जायेगी। निर्धारित तिथि तक/ई-लाटरी के चतुर्थ चरण के पश्चात् किसी दुकान पर आवेदन प्राप्त न होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस से उक्त निर्धारित देयताओं के सापेक्ष दैनिक आधार पर दुकान संचालन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से अगले 14 दिवसों तक समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आवेदन किया जा सकेगा। विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी / सम्बन्धित क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त की जा सकेगी।

नोट:- ऑफर के साथ दुकान की आवेदित बेसिक लाइसेंस फीस का 10 प्रतिशत धनराशि के बराबर धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट एवं ऑफर चयन की स्थिति में नियमानुसार आगणित बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस का नियमानुसार प्रतिभूति धनराशि (न्यूनतम रू0 5000/-) जमा करना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में अन्य विवरण / सूचना कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर नगर से प्राप्त की जा सकती है।

(राजेश सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
कानपुर नगर

(जितेन्द्र प्रताप सिंह)
कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी
कानपुर नगर

## सिटी ब्रीफ



अनुभव को मिठाई खिलाते परिवारीजन।

### अनुभव ने बढ़ाया विद्यालय और परिवार का मान

**चौबेपुर।** गुरुवार को घोषित हुए आईसीएसई हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के सरायं छीतम गांव निवासी पूर्व प्रधान नरेंद्र शुक्ला के बेटे अनुभव शुक्ला ने 95 फ़ीसदी अंक अर्जित कर अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। वेंडी स्कूल नारामऊ का छात्र अनुभव अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व माता-पिता को देते हैं। अनुभव ने बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। विद्यालय के शिक्षकों व परिवारीजनों ने बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सेवानिवृत्ति पर एडीओ पंचायत को दी विदाई

**बिल्हौर।** विकास खण्ड ककवन में तैनात सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राकेश दीक्षित के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को ब्लॉक परिसर में भावपूर्ण विदाई दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने एडीओ पंचायत को माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात ब्लॉक के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्मृति चिह्न भेंट किया। विनय यादव ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी और समर्पण के साथ अपना काम किया। वहीं, ग्राम विकास अधिकारी राजकिशोर यादव ने उन्हें एक सच्चा पथप्रदर्शक बताया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने दीक्षित के सरल, सौम्य और सहयोगी स्वभाव की सराहना की। सचिव बाबू सिंह, जगभान सिंह, केबी सिंह समेत कई सहयोगियों ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया और उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवश्याम, आशुतोष यादव, निशांत वर्मा, अनूप, मीनाक्षी, रामलखन, सज्जन सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में राकेश दीक्षित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सूबेदारगंज से खातीपुरा के लिए 3 मई से विशेष ट्रेन

**कानपुर।** रेल प्रशासन ने सूबेदारगंज से खातीपुरा के मध्य ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी का संचालन करने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि सूबेदारगंज से 04129 प्रत्येक रविवार, मंगलवार, शुक्रवार को 3 मई से 7 जून तक चलेगी। इसी प्रकार खातीपुरा से गाड़ी संख्या 04130, प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शनिवार को 4 मई से 8 जून तक चलेगी। गाड़ी संख्या 04129 सूबेदारगंज से रात 9 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी रात 00 .10 बजे, इटावा रात 2 बजे, टूंडला भोर 4 बजे, ईदगाह आगरा भोर 4 .55 बजे, भरतपुर प्रातः 6 बजे, खातीपुरा प्रातः 9 .40 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04130 खातीपुरा से सायं 6 .30 बजे रवाना होगी। गोविंदपुरी प्रातः 7 .10 बजे सूबेदारगंज पूवार्ह्न 11 बजे पहुंचेगी।

### साबरमती-गोविंदपुरी हावड़ा विशेष ट्रेन आज

**कानपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को सुविधा प्रदान कराने के लिए ग्रीष्मकालीन एकतरफा विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। ये ट्रेन 1 मई को साबरमती से चलेगी और गोविंदपुरी (कानपुर): होते हुए हावड़ा तक जाएगी। गाड़ी संख्या 09403 साबरमती से सायं 6 बजे रवाना होगी। अजमेर रात 1.55 बजे, जयपुर भोर 4 .20 बजे, भरतपुर प्रातः 7 .50 बजे, ईदगाह आगरा प्रातः 9 .30 बजे, टूंडला 10 .50 बजे, इटावा दोपहर 12 .05 बजे, गोविंदपुरी दोपहर 2 .10 बजे पहुंचेगी।

### नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने वीआईपी रोड से लाल बंगला और जेके-1 से जलसा गेस्ट हाउस तक सीएम ग्रिड फेज-2 में बन रही सड़क का निरीक्षण किया। इस 2.6 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण गंगा इन्फ्राटेक प्रा .लि . द्वारा किया जा रहा है। सड़क पर सात मीटर चौड़ी व्हाइट टॉपिंग रोड बनाने का प्रावधान है। नगर आयुक्त को सड़क में कुल 5200 मीटर के सापेक्ष तीन किलोमीटर वाटर लाइन, सीवर लाइन, स्टार्म वॉटर, ड्रेनेज पाइप सातवें का कार्य पूरा मिला।

# ट्रांसगंगा सिटी पुल:इसी माह पूरी होगी टेंडर प्रक्रिया

## कंपनी अप्रोच रोड व फुटपाथ बनाने संग दो वर्ष तक करेगी रखरखाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**4.2** किमी लंबा होगा वाई आकार का पुल

**03** वर्ष निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा

**420** मीटर लंबी बनेगी पुल के लिए अप्रोच रोड

**02** सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी टेंडर प्रक्रिया

**644.14** करोड़ रुपये परियोजना की कुल लागत

- भैरोघाट और धोबीघाट के पास चिह्नित स्थलों से नगर निगम जल्दी ही शुरू करेगा अतिक्रमण हटाने का काम

**अमृत विचार।** गंगा बैराज मार्ग पर स्थित ट्रांसगंगा सिटी को शहर से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर फोरलेन पुल निर्माण का काम जल्दी ही धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी होती दिख रही है। उप्र राज्य सेतु निगम ने 29 अप्रैल तक टेंडर मांगे थे। अब अगले दो हफ्तों टेंडर प्रक्रिया पूरी करके इसी माह के अंत तक पुल का निर्माण करने वाली कंपनी फाइनल कर दी जाएगी। पूरी परियोजना की लागत 644.14 करोड़ रुपये है, जिसे तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ठेकेदार कंपनी अप्रोच रोड और फुटपाथ बनाने के साथ निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अगले दो वर्ष तक पुल का रखरखाव भी करेगी।

वीआईपी रोड से ट्रांस गंगा सिटी को जोड़ने वाला वाई आकार का फोरलेन पुल 4.2 किमी लंबा होगा। इसमें दो लेन पुल ट्रांसगंगा सिटी से जलकल कैंपस तथा दो लेन का समानांतर पुल ट्रांसगंगा सिटी से भैरोघाट तक बनाया जाना है। सेतु निगम ने नगर निगम से भैरोघाट और जलकल कैंपस (धोबीघाट) पर भूमि जल्दी उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि टेंडर प्रक्रिया फाइनल होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। इन दोनों घाटों पर जमीन के साथ आवासों का भी अधिग्रहण किया जाना है। सेतु निगम ने नगर निगम से परियोजना के लिए चिह्नित स्थलों से अतिक्रमण और निर्माण हटाने को भी कहा है। यहां फोरलेन पुल के लिए करीब 420 मीटर लंबी अप्रोच रोड बनायी जानी है।इस पुल का निर्माण कार्य पूरा होने से शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और ट्रांसगंगा सिटी के लिए आसान आवागमन उपलब्ध हो जाएगा। इसके साथ ही शहर से लखनऊ जाने वालों को भी अतिरिक्त मार्ग की सुविधा मिलेगी। इस पुल के निर्माण के लिए बीते दस साल से कवायद की जा रही थी। पहले इसे सरसैयाघाट से बनाने की योजना थी। दो माह पहले प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बैठक में वीआईपी रोड से कनेक्टिविटी देने के लिए रानीघाट और धोबीघाट होते हुए पुल की डिजाइन के साथ बजट की मंजूरी प्रदान की थी। योजना के मुताबिक पुल निर्माण के लिए रानीघाट पंपिंग स्टेशन के पास स्थित 33 आवासों को स्थानांतरित किया जाएगा।

# अतिकुपोषित बच्चों को बाल संजीवनी मिलेगी

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- गर्भवती को आटा और बेसन से बनी बर्फी दी जाएगी

**अमृत विचार।** मई से आंगनबाड़ी केंद्रों में कच्चा राशन की जगह रेसिपी आधारित अनुपूरक पुष्टाहार मिलने लग जाएगा। अप्रैल से नई व्यवस्था लागू हुई है। उत्तर प्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। जहां रेडी टू ईट पुष्टाहार मिल रहा है। मार्च में बांटा गया पुष्टाहार कच्चा राशन था जोकि बंद हो गया है। रेडी टू ईट रेसिपी बच्चों के साथ गर्भवती और धात्री महिलाओं को भी दिया जाएगा। अनुपूरक पुष्टाहार फेस रिकग्निशन सिस्टम के तहत दिया जाना है। अब पोषाहार का ऑफलाइन वितरण अमान्य कर दिया गया है। नैफेड के जरिए आंगनबाड़ी केंद्रों तक आपूर्ति की जाएगी। सरकार ने अलग अलग आयु वर्ग के बच्चों और महिलाओं के लिए अलग भोजन तय किया है। अतिकुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जाएगा। इसमें 06 माह से 01 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा को आरोग्य पोषण नाम से दिया जाएगा, 01 से 03 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा जिसका नाम बाल संजीवनी है दिया जाना है। वहीं, 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को पौष्टिक हलवा व पौष्टिक दलिया दिया जाएगा।

### गर्भवती व धात्रियों को मिलेगा मातृ सम्पूर्ण आहार

- नई व्यवस्था के तहत गर्भवती व धात्री महिलाओं को आटा और बेसन से बनी बर्फी दी जाएगी। जो मिठाई के प्रकार की ही होगी। इसी के साथ इन्हें दलिया-मूंग दाल की खिचड़ी (नमकीन में) दी जाएगी। इसी भोजन को मातृ सम्पूर्ण आहार नाम दिया गया है। 6 माह से 1 वर्ष तक के बच्चों को आटा बेसन का मीठा हलवा जो शिशु अमृत के रूप में दिया जाएगा। 01 से 03 वर्ष तक के बच्चे को भी आटा बेसन का मीठा हलवा शिशु आहार के रूप में दिया जाएगा। वहीं, 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों को बाल पुष्टिकर के रूप में आटा बेसन का मीठी बर्फी, दलिया-मूंग-सोया की खिचड़ी दी जाएगी।

कच्चे राशन की जगह नैफेड से लाभार्थियों को रेडी टू ईट रेसीपी दी जाएगी। अप्रैल से ही वितरण होना था लेकिन मई से वितरण शुरू कराया जाना है।

-प्रीति सिन्हा, डीपीओ

# रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए लांच किया नया सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने यूपी प्रोमोट फार्मा काउंसिल के तहत उप्र इंट्रीग्रेटेड मेडिकल रिसर्च एप्लिकेशन सिस्टम लांच किया है, जिसमे सभी सरकारी व निजी मेडिकल कालेज को रजिस्टर करना अनिवार्य है। इस संबंध में लखनऊ के एसजीपीजीआईएमएस के सभागार में यूपी श्रुति (आईएमआरएएस) वर्कशॉप हुई, जिसमे जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भी शामिल हुए।

जीएसवीएम प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि इसका उद्देश्य पोर्टल पर प्रिंसिपल इंवेस्टीगेटर्स, जिसमे जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के 171 डाक्टर है, उनको अपना प्रोफाइल और जो रिसर्च कार्य पब्लिश आदि किये जा रहे हैं, उनको अपलोड करना है। साथ ही इंस्टीट्यूशनल एथिकल कमेटी की डिटेल्स भी अपलोड करना हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी प्रदेश के मेडिकल कालेजों को एक प्लेटफार्म पर ला कर समय-समय पर विभिन्न रिसर्च के लिए सरकार द्वारा बनाई गयी गाइड लाइन के तहत डेवलप करना है, ताकि सारे प्रदेश के मेडिकल कालेज एक ही मानकीकृत प्रकार से रिसर्च कर सके। नई दवाईयों, उपकरणों व तकनीकी से सम्बन्धित शोध को बढ़ावा मिले और मेडिकल के क्षेत्र को शोध को बढ़ावा मिले।

# आयकर संशोधनों के बारे में बताया

कार्यालय संवादाता, कानपुर




चार्टर्ड अकाउंटेंट स्टडी सर्कल बैठक का उद्घाटन करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट आफ इंडिया की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल (सीआईआरसी) के अंतर्गत केकास सीपीई स्टडी सर्कल की पहली बैठक में आयकर संशोधनों के बारे में बताया गया। बैठक खलासी लाइन स्थित हरिहर नाथ शास्त्री स्मारक भवन में हुई। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय आयकर अधिनियम, 2025 एवं 1961 के अंतर्गत पेनल्टी एवं अभियोजन रहा। सीए राजीव मेहरोत्रा ने हालिया संशोधनों, पेनल्टी प्रावधानों और अभियोजन प्रक्रिया की जटिलताओं के बारे में बताया। दूसरे सत्र में कंपनी सेक्रेटरी आदेश टंडन ने सीसीएफएस योजना पर बताया कि इस योजना के तहत विलंबित फाइलिंग पर लगने वाला शुल्क 10 फीसदी कम कर दिया गया है। कहा कि पहले 73,000 की पेनाल्टी जो अब घटाकर 7,300 कर दी गई है। इसी के साथ फाइलिंग करने पर कंपनियों को कानूनी कार्रवाई से पूर्ण छूट (इम्युनिटी) मिलेगी। यह योजना 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक लागू रहेगी। तीसरे सत्र में सीए अजीत पांडिया ने लाइफ इन क्वेस्ट ऑफ हैप्पीनेस पर बात करते हुए कहा कि व्यापारियों व सीए को जीवन में संतुलन और मानसिक शांति बनाए रखनी चाहिए। कार्यक्रम में रीजनल चेयरमैन सीए अंकुर गोयल, सीए सुधींद्र जैन, सीए दीप कुमार मिश्रा, सीए राहुल चंद्रा, सीए शाश्वत गुप्ता आदि रहे।

## 12वीं के होनहार



- आद्या सेंगर 97% सनशाइन पब्लिक स्कूल, केशव नगर
- प्रियांशु गुप्ता 95% सनशाइन पब्लिक स्कूल, केशव नगर
- वैष्णवी कन्गना सोनकर 95% कैम्ब्रिज हाईस्कूल, सिविल लाइंस
- दर्शिका सिंह 95.5 यूनाईटेड पब्लिक स्कूल
- इशी गुप्ता 92.25% यूनाईटेड पब्लिक स्कूल
- सौम्या गुप्ता 94.5% यूनाईटेड पब्लिक स्कूल
- लक्ष्य गुप्ता 93.25% यूनाईटेड पब्लिक स्कूल



- आदित्य भाटिया 91% भगवंती एजुकेशन सेंटर
- अपेक्षा धीमान 96% भगवंती एजुकेशन सेंटर
- आयुष कुमार शाक्य 95% भगवंती एजुकेशन सेंटर
- श्रुति शुक्ला 95% भगवंती एजुकेशन सेंटर
- योगेश चौबे 97% कामद साइनिंग स्टार एकेडमी
- भुनेश राव 94% कामद साइनिंग स्टार एकेडमी
- कनक अग्रवाल 98.75% मर्सी मेमोरियल स्कूल



- आर्यन साहू 98.8% शिवा जी ग्लोबल अकादमी
- आयुष साहू 98.6% शिवा जी ग्लोबल अकादमी
- दिव्या यादव 92.2% शिवा जी ग्लोबल अकादमी
- दिव्यांशी पाण्डेय 94.5% गुरु हरराय अकादमी
- अनुष्का चतुर्वेदी 93.75% गुरु हरराय अकादमी
- अरनव द्विवेदी 98.25% मर्सी मेमोरियल स्कूल
- अमोल गुप्ता 96.75% मर्सी मेमोरियल स्कूल

## 10वीं के मेधावी



- अनिकेत दुबे 93.8% द चिन्टल्स स्कूल रतनलाल नगर
- इशिका गुप्ता 96% यूपी किराना सेवा समिति, किदवई नगर
- हृदयेश सिंह 96% डॉ. बृज किशोरी दुबे मेमोरियल विद्यालय
- अगमान गुप्ता 91.75% शिवा जी ग्लोबल एकेडमी घाटमपुर
- समीक्षा कटियार 91.75% शिवा जी ग्लोबल एकेडमी घाटमपुर
- अभिरती बाजपेई 98% वीरेन्द्र स्वरूप किदवई नगर
- हर्ष दिवाकर 95% कामद शाइनिंग स्टार्स एकेडमी, विश्व बैंक बर्रा


## 12वीं के मेधावी

### डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर



- कृष तयाल 99%
- मौलिक मित्तल 98.75%
- सानिध्या शुक्ला 98.5%
- कनिष्का सिंह 98.25%

### स्वराज इंडिया पब्लिक स्कूल, काकादेव



- भावी अरोड़ा 97.8%
- यश निगम 97.0%
- यशवर्धन कुशवाहा 97.0%
- देवांग मेहरा 96.8%

### सेंट थॉमस स्कूल, किदवई नगर



- अपूर्व राय 96.25%
- रीद्दिम शर्मा 97.25%
- तन्मय मिश्रा 97.25%
- इफरा शमीम 95.25%

### मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल, किदवई नगर



- हितेश पाल 98.5%
- अभिषेक चतुर्वेदी 98.25%
- आस्था उत्तम 98.25%
- प्राची वर्मा 98.25%

### सेंट एलॉयाशियस, कैंट



- प्रियांश कमार 97.75%
- केशव शर्मा 97.75%
- ओम चतुर्वेदी 96.25%
- बसर खान 95.50%

### यूपी किराना सेवा समिति विद्यालय, किदवई नगर




- कृष्णा मिश्रा 96.75%
- श्लोक चौखानी 96.5%
- सौम्या गुप्ता 95.75%
- स्वास्तिक मिश्रा 95.5%

### सीवी रमन इंटरनेशनल स्कूल, पनकी



- सक्षम सिंह 96.5 %
- काजल पाल 94%
- कामाख्या पाल 93.25%

### केडीएमए वर्ड स्कूल, केशव नगर



- वंश गौतम 97.4 %
- सारांश रस्तोगी 97%
- गिरीराज 96.4%

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

Lila vati mother of No 6499053-X Rank, L/NK CHEFCOM Ravi shanker unit 5003ASCBN C/O 99APO PERMANENT Residence village Aliyapur Post office maitha distrct kanpur dehat utter pradesh 208001 Declaredthat in my sons Army record my name is mantion as Lila wati but my correct name is Lila vati.

**NOTICE**

RAM SANEHI FATHER OF NO 6499053-X LINK Chefcom Ravi shanker unit 5003ASCBN C/O 99APO Permanent residence village Aliyapur, Post office maitha Distrct kanpur dehat utter pradesh 208001 Declared that my sons Army record my name is mantion as RAM SENEHI BUT MY CORRECT NAME IS RAM SANEHI.

**सूचना**

मेरा बीटीसी 4th सेमेस्टर 2018 साल का अंकपत्र जिसका अनुक्रमांक नंबर 181200393 है। वास्तव में कही खो गया है। **चर्चिल गुप्ता पत्नी विकास गुप्ता निवासी-स्टेट बैंक के पीछे किशोर गंज -बिधूना, औरैया।**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र में त्रुटिवश उसका नाम आरव सिंह (AARAV SINGH) अंकित हो गया, जबकि उसका सही नाम विहान सिंह (VIHAAN SINGH) है। शपथी के पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम विहान सिंह (VIHAAN SINGH) अंकित किया जाए। **अवनीश सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी 76 सेक्टर ए, वर्ल्ड बैंक बर्रा, कानपुर।**

# आईसीएसई बोर्ड: आनंदी ने हाईस्कूल और सूरज ने इंटरमीडिएट में किया जिला टॉप



सफल होने पर खुशी मनाते सर सैय्यद के मेधावी।



सफलता मिलने पर खुशी से उछलते जेएन शाह के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीई) द्वारा गुरुवार को घोषित किए गए आईसीएसई कक्षा 10 व आईएससी कक्षा 12 के परीक्षा परिणामों में जिले के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सफल परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे और विद्यालयों में जश्न का माहौल देखने को मिला।

आईसीएसई कक्षा 10 के परिणामों में सेंट लॉरेंस स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। विद्यालय की आनंदी निगम ने 98.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान बनाया। वहीं, इसी स्कूल के आयुष शुक्ला व जेएन शाह मेमोरियल पब्लिक स्कूल की पावनी गुप्ता 97.80 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। सेंट लॉरेंस स्कूल के ही अभिनव त्रिवेदी 97.60 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आईएससी कक्षा 12 में मेधावियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा पेश की। सेंट लॉरेंस स्कूल के सूरज साहू ने 99.25 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेंट ज्यूड्स कॉलेज के शिवम यादव 97 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि सेंट लॉरेंस स्कूल के ही शांतनु पांडेय ने 96.75 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान पाया। परिणामों की घोषणा के बाद स्कूलों में प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने मेधावियों को बधाई दी। अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान स्कूलों में बच्चों ने पहुंचकर मनाया सफलता का जश्न।

### हाईस्कूल व इंटर के टॉपर सेंट ज्यूड्स कॉलेज उन्नाव



अखंड प्रताप सिंह 97% हाईस्कूल
शिवम यादव 97% इंटरमीडिएट

### शुक्लागंज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



आप्ती 99.4% आयुष्मान 97% आदिश्री 95.6% मान्या मिश्रा 94%

**शुक्लागंज, उन्नाव:** गुरुवार को घोषित आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भविष्य में इंजीनियर, डॉक्टर, आईएएस और पीसीएस बनकर देश सेवा का संकल्प जताया। गोपीनाथपुरम निवासी अतुल कुमार श्रीवास्तव की बेटी आप्ती श्रीवास्तव ने हाईस्कूल में 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मां दीपाली श्रीवास्तव, गुरुजनों और परिवार को दिया तथा आईआईटी करके देश सेवा करने की इच्छा जताई। बाला जी गली निवासी कानपुर जिला कोर्ट के रीडर गोविंद सिंह के पुत्र आयुष्मान सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ऋषि नगर की आदिश्री त्रिपाठी ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का मान बढ़ाया। वहीं सुभाष नगर निवासी राहुल मिश्रा की बेटी मान्या मिश्रा ने इंटरमीडिएट में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता, मां अनुपमा मिश्रा और शिक्षकों को दिया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन द्वारा गुरुवार को घोषित किए गए आईसीएसई कक्षा 10 व आईएससी कक्षा 12 के परीक्षा परिणामों में जिले के स्कूल

#### हाईस्कूल के टॉपर सेंट लॉरेंस स्कूल उन्नाव



आनंदी 98.2% आयुष 97.8% अभिनव 97.60% कृष्णा 97.60%

#### इंटरमीडिएट के टॉपर सेंट लॉरेंस स्कूल उन्नाव



सूरज 99.25% शांतनु 96.75% मो. जैद खान 96.50% तनिष्क 96.25%

#### हाईस्कूल के टॉपर सर सैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव



प्रिंस राजपूत 96.20% अक्षत 93.20% उत्कर्ष 92% अलीशा नूर 91.60%

#### इंटरमीडिएट के टॉपर सर सैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव



अंश 94.50% ग्रेसी 93.25% निरबा 92.50% समर फारूकी 91.50%

#### हाईस्कूल टॉपर जेएनशाह मेमोरियल पब्लिक स्कूल उन्नाव



पावनी गुप्ता 97.8% श्लोक पांडेय 95.2% सोनू वर्मा 94.8%

#### इंटर टॉपर जेएनशाह मेमोरियल पब्लिक स्कूल उन्नाव



मान्या कनौजिया 96.2% शौर्य शाश्वत सिंह 93.5% आशीष यादव 92%

### आरडीएस के छात्र चमके, काव्या ने 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ क्षेत्र का नाम किया रोशन



शिक्षकों के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं।

**बांगरमऊ, उन्नाव:** बांगरमऊ स्थित आरडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मेधा का परचम लहराया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। इंटर की छात्रा काव्या सिंह ने 96.5 प्रतिशत अंक लाकर न केवल विद्यालय में टॉप किया बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इनके साथ संगम पटेल 91.5 प्रतिशत व वेदांत तिवारी 90.75 प्रतिशत ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हाई स्कूल में कामिल ने 91.4 प्रतिशत, कुशांक गुप्ता ने 90.4 प्रतिशत व सुधीर ने 89.6 प्रतिशत अंक पाकर प्रतिभा साबित की। इस उपलब्धि पर प्रबंधक पीके सैनी व डॉयरेक्टर रजनी सैनी ने बच्चों को बधाई देते हुए इसे शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों के कड़े अनुशासन का प्रतिफल बताया। शिक्षक अनुपम शुक्ला, राकेश कुमार और प्रतिभा पांडेय सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चलती कार में ट्रक से गिरा लकड़ी का बोटा चालक की मौत

**औरास-उन्नाव, अमृत विचार:** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के अब्दुलापुर गांव निवासी अंजनी विश्वकर्मा (45) पुत्र राम स्वरूप वर्तमान में फतेहपुर चौरासी के चकलवंशी मोहल्ला में परिवार के साथ रहते थे। बुधवार को वह पत्नी रेखा, बेटे शिवम, अंकुश व बेटी वैष्णवी के साथ कस्बा औरास के माता भुईया मंदिर में देररात एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जहां से लौटते समय औरास थानाक्षेत्र के चकलवंशी मार्ग स्थित इनायतपुर पुल के पास सामने से यूकेलिप्टस के बोटे लादकर आ रहे ट्रक से एक भारी बोटा अचानक उसकी कार के आगे शीशे पर गिर गया। इसमें अंजनी गंभीर घायल हो गए। पत्नी व बच्चों को भी चोट आई। सभी को औरास सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने अंजनी को मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसों में दो युवकों समेत चार की मौत

## -सदर व अजगैन कोतवाली, औरास व मौरावां थानांतर्गत हुए हादसे, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में अधेड़, महिला व दो युवकों की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन मोहल्ला निवासी रजोल उर्फ अनुराग (45) पुत्र अशोक अवस्थी बुधवार शाम पत्नी उषा व बेटी राधा के साथ औरास थानाक्षेत्र के गांव बलसिंह खेड़ा अपने छोटे साले रामजी की वैवाहिक वर्षगांठ पर आयोजिय कार्यक्रम में शामिल कस्बा औरास के एक मैरिज लॉन जा रहे थे। तभी संडीला-चकलवंशी मार्ग पर कस्बा स्थित पीएनबी के पास सामने से आई बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें रजोल, ऊषा व राधा गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने रजोल को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। जहां देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। साले मुनेश शुक्ला पुत्र कैलाश नाथ ने औरास थाना पहुंचकर माखी थानाक्षेत्र के कोरारी खुर्द गांव निवासी बाइक चालक महेंद्र पुत्र बेचेलाल के विरुद्ध तहरीर दी है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि लखनऊ में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर व पीएम रिपोर्ट के आधार रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



कल्पना की फाइल फोटो। अंजनी का फाइल फोटो। औरास में क्षतिग्रस्त हुई कार।

### डंपर की टक्कर से लोडर सवार ससुर की मौत, दामाद घायल

**उन्नाव:** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव एतबारपुर निवासी छंगा रावत (55) पुत्र स्व. हीरालाल खेती कर परिवार पालता था। बुधवार को वह पालतू मवेशियों के चारा रखने के लिए झाल खरीदने दामाद अनिल पुत्र छेदीलाल निवासी गुरुसहायखेड़ा अजगैन के साथ कानपुर जाने को घर से निकला था। इसके लिए नवाबगंज से ससुर-दामाद एक लोडर में बैठ गए। कानपुर में जाजमऊ चौराहा पर डंपर ने लोडर में टक्कर मार दी। इसमें छंगा गंभीर घायल हो गया। वहीं दामाद को भी चोटें आई। कानपुर में अस्पतालों की जानकारी न होने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव लाए। जहां इलाज के दौरान देररात छंगा की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही पत्नी प्रेमवती, बेटे शैलेन्द्र व गुड्डू बेहाल हो गए। सदर कोतवाली पुलिस ने अस्पताल के मेमो पर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## अंबिका स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का समापन



अंबिका के शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद छात्र।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को गरिमामय इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य नव-निर्वाचित छात्र परिषद को उनके दायित्वों से अवगत कराना व नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। इसमें स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड, कल्चरल व इको कैप्टन सहित हाउस कैप्टन और प्रिफेक्ट्स को बैज पहनाकर शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि फ्लाइट लेफ्टिनेंट बलबीर सिंह ने कहा कि नेतृत्व जिम्मेदारी, अनुशासन व टीम भावना का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को देशप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने को प्रेरित किया। प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में नेतृत्व व नैतिक मूल्यों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्तिकेय, दिनेश त्रिवेदी, अनुराज श्रीवास्तव, हरि राठौर, सौरभ जायसवाल, समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक व महिला की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बक्खाखेड़ा निवासी पृथ्वीपाल पुत्र मनोहर गुरुवार रात करीब 9 बजे दही-पुरवा मार्ग पर बाइक से आ रहा था। तभी क्षेत्र के गांव दरोगाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही पत्नी संगीता बदहवास है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन का पता लगाया जा रहा है। शव मोर्चरी भेजा है। वहीं लखनऊ-कानपुर हाइवे पर वाहन की टक्कर दही थानाक्षेत्र के इब्राहिम बाग निवासी मायावती (45) पत्नी सोहन की मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव मोर्चरी भेजे है।

# पीएम हाउस में घुसकर की तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** पोस्टमार्टम हाउस में शव के साथ आए लोगों ने जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की। इस दौरान वहां मौजूद स्टाफ व डॉक्टर ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उत्पात के दौरान लोगों ने गंगाघाट कोतवाली के एक दरोगा से भी अभद्रता की। सूचना पर सदर कोतवाली व गंगाघाट का फोर्स पहुंचा तब जाकर हंगामा शांत हुआ।

बता दें कि बीती बुधवार रात गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव के मोड़ पर हुए सड़क हादसे में क्षेत्र के कुवरिया खेड़ा गांव निवासी रामू (40) की मौत हो गई थी। पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा था। गुरुवार दोपहर मोर्चरी में परिजनों सहित आधा सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद थे। चर्चा है कि इस दौरान एक दरोगा ने रामू के पास से शराब बरामद होने की बात कही। इससे परिजनों व उसके साथ मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया। वे लोग शव दिखाने की जिद करते हुए जबरन पोस्टमार्टम हाउस में घुस गए और हंगामा करते हुए वहां तोड़फोड़ शुरू कर दी। इससे वहां दरवाजे में लगे कांच टूट गए। डॉ. अमन अहमद रिजवी व फार्मासिस्ट अमित ने खुद को कमरे में बंद कर जान बचाई। आक्रोशित लोगों ने उक्त दरोगा से भी अभद्रता का प्रयास किया। हालांकि दरोगा ने इससे इनकार किया है। सूचना पर अस्पताल चौकी इंचार्ज अंजनी सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। कुछ देर में सदर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा अतिरिक्त फोर्स के साथ पहुंचे। इसके बाद लोग शांत हुए। सीओ सिटी दीपक यादव ने पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया। पोस्टमार्टम हाउस कर्मियों ने इसकी सूचना सीएमओ को दी है।



पीएम हाउस पर आक्रोश जताते परिजन। ● अमृत विचार

- **शव दिखाने की जिद पर किया जमकर हंगामा**

# खिलाड़ियों पर हुई पुरस्कारों की बरसात

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बाईपास स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 3 दिनों से चल रही सातवीं जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का गुरुवार को समापन समारोह आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न आयु वर्गों के विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष पति प्रवीण मिश्रा 'भानु' ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर कहा कि खेल हो या शिक्षा, हमेशा अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हुए लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने कहा कि मल्टी परपज हॉल बनने के बाद जिले में बैडमिंटन का भविष्य उज्जवल हुआ है। प्रतियोगिता में लखनऊ पब्लिक स्कूल को सर्वाधिक मेडल जीतने पर विशेष सम्मान दिया गया। अंडर-11 में अभय वर्मा बालक में व तृप्ती शुक्ला बालिका में विजेता रहे। अंडर-13 व 15 में आदित्य प्रजापति ने दोनों वर्गों के बालक वर्ग में दबदबा बना जीत हासिल की। अंडर-17 में चंद्रवीर सिंह ने बालक व दिव्या वर्मा ने बालिका ने जीत दर्ज की। अंडर-19 में प्रख्यात सिन्हा व मीनाक्षी कुशवाहा अपने-अपने वर्ग में चैंपियन बने। मेंस सिंगल में प्रशांत चौहान व विमेंस सिंगल में अलंकृति अवस्थी ने बाजी मारी।



खिलाड़ियों के साथ मौजूद अधिकारी व अतिथि। ● अमृत विचार

- **सातवीं जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन**

## मजदूर दिवस पर पेट की आग बुझाने का संघर्ष



लकड़ियां बटोरकर ई-रिक्शा में लादतीं महिलाएं।

**शुभम निगम, उन्नाव, अमृत विचार:** आज जब दुनिया 'मजदूर दिवस' पर श्रमिकों के सम्मान व अधिकारों का उत्सव मना रही है। तब शहर में सड़क की यह तस्वीर जमीनी हकीकत को आइना दिखा रही है। चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में सिर पर लकड़ियों का गट्ठर ढोती ये महिलाएं व ई-रिक्शा पर मेहनत करते युवा इस बात का प्रमाण हैं कि उनके लिए विश्राम एक सपना है। मजदूर दिवस के शोर के बीच इन दिहाड़ी मजदूरों के लिए छुट्टी का कोई अस्तित्व नहीं है। इनके लिए हर दिन एक नई चुनौती है। जहां पेट भरने की जद्दोजहद अधिकारों की बातों पर भारी पड़ती है। यह दृश्य याद दिलाता है कि श्रम कानूनों व सरकारी योजनाओं का लाभ आज भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े इस मेहनतकश वर्ग तक पूरी तरह नहीं पहुंच सका है। इनके लिए पसीने की हर बूंद ही उनकी असली पहचान और संघर्ष की गाथा है।

## डाउन लाइन पर 40 एचबीम स्लीपर डाले गए

**संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में गुरुवार को तेजी देखने को मिली। अधिकारियों की निगरानी में सुबह 10:15 से शाम 5:45 बजे तक मेगा ब्लॉक लेकर 40 एचबीम स्लीपर डाले गए। 2 अप्रैल से जारी इस अभियान के तहत जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को रेल कर्मियों ने पुल के मध्य भाग से शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियां हटाईं। अधिकारियों के अनुसार कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए लगातार निगरानी में तेजी से काम कराया जा रहा है। इसी दौरान गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन की मेन ट्रैक पर सीमेंटेड स्लीपर बदलने का कार्य भी किया गया, जिससे ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## बुद्ध पूर्णिमा को लेकर घाटों की कराई सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** बुद्ध पूर्णिमा स्नान को देखते हुये पालिका ने गुरुवार को नगर के सभी घाटों की सफाई कराई। जहां पालिका द्वारा घाटों का समतलीकरण भी कराया गया। इसके साथ सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी घाटों पर मुस्तैद रहेगा। बुद्ध पूर्णिमा को देखते हुये गुरुवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने नगर के घाटों का जायजा लिया। इसके बाद पुराने यातायात पुल, रेलवे पुल से लेकर बालूघाट तक अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर घाटों की सफाई कराई गई। इसके साथ स्नानार्थियों के लिए सभी घाटों पर चेंजिंग रुम, पानी का टैंकर, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं गहरे पानी में कोई न जाए इसके लिये गोताखोर व नावें भी लगवाई गई हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था देख कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि सभी घाटों पर पुलिस तैनात रहेगी।

**गुत्थी उलझी** — उन्नाव के दही थानाक्षेत्र की युवती ने युवक पर दर्ज कराई थी आईटी एक्ट में रिपोर्ट

# पेड़ के नीचे पड़ा मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** दही थानाक्षेत्र के बंदरहा गांव के पास प्रतापगढ़ निवासी युवक का शव पड़ा मिला। युवक की अजगैन क्षेत्र की एक युवती से निकटता थी। बाद में युवती ने उस पर आईटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पहुंची मां ने उसकी पहचान के बाद बेटे की हत्या किए जाने की तहरीर दी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम होगा।

बता दें कि प्रतापगढ़ जिला के बखतनपुर थानाक्षेत्र के वीरापुर गांव निवासी अखिलेश गौतम (20) पुत्र सुरेश कुमार 28 अप्रैल को देररात नौकरी करने की बात कहकर घर से निकला था। चर्चा रही कि युवक की अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हो गई थी। युवक के पास युवती की कुछ आपत्ति जनक फोटो व चैट भी थीं। जिससे वह ब्लैकमेल कर रहा था और पैसे की मांग करता था। इससे परेशान युवती ने अजगैन कोतवाली में युवक व अन्य दो लोगों पर 19 मार्च को रिपोर्ट भी दर्ज करवाई थी। लेकिन इसके बाद भी युवक नहीं माना तो युवती ने युवक को मिलने बुलाया। जिस पर 29 अप्रैल को देरशाम वह आया और युवती अपने पिता, भाई व अन्य रिश्तेदारों के साथ सोनिक रेलवे क्रासिंग पहुंची।



अखिलेश का फाइल फोटो।

सूत्र बताते हैं कि वहां से कोल्डड्रिंक लेने के बाद सभी दही थानाक्षेत्र के बंदरहा गांव पहुंचे। जहां सोनिक निवासी हरि प्रसाद के खेत में लगे नीम के पेड़ के नीचे कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर अखिलेश को पिला दिया। इससे उसकी मौत हो गई। बुधवार रात लोगों ने युवक को नीम के पेड़ के नीचे पड़ा देखा तो सोनिक ग्राम प्रधान पति राजकुमार सिंह ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सीओ सिटी ने घटनास्थल पहुंचकर जांच की और फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य इकत्र करवाकर शव मर्चरी भेज दिया। युवक के पास पड़ी मिली पालीथीन में मार्कशीट से उसके पते की जानकारी होने पर प्रतापगढ़ पुलिस से संपर्क कर वहां के ग्राम प्रधान के माध्यम से परिजनों को सूचना दी। इस पर परिजन पहले मौत की बात मानने से इनकार कर रहे थे। बाद में मां रेखा व अन्य परिजन गुरुवार शाम मोर्चरी पहुंचे और बेटे की पहचान की। अखिलेश 4 भाइयों में बड़ा था। एसओ दही ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मां ने हत्या का आरोप लगा तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## स्पीड ब्रेकर पर बाइक सवार महिला गिरी, मौत

**उन्नाव, अमृत विचार:** मौरावां थानाक्षेत्र के हिलौली गांव के मोहल्ला अभई सागर निवासी कल्पना (24) पति राहुल कुमार के साथ मायके पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मंगतखेड़ा गांव गई थी। जहां वह अपनी सहेली काजल की शादी में शामिल होकर देररात ससुराल लौट रही थी। तभी मौरावां थानाक्षेत्र के हिलौली मार्ग पर चन्द्रिकाबक्स खेड़ा गांव के सामने स्पीड ब्रेकर पर बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और पीछे बैठी कल्पना उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे पीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मिले कल्पना के पिता पप्पूलाल ने शक जताया कि ससुरालियों की मारपीट से बेटी की मौत हुई है। उसका आरोप था कि पति अक्सर उसे पीटता था। पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आशवासन दिया।

